
# राज्य सरकार ने जो कहा, वो करके दिखाया

## हरदा के खिरकिया में अशासकीय विद्यालयों को 489 करोड़ रुपये की राशि अंतरित करते हुए सीएम ने कहा

**हरदा, 29 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने जो कहा है, वो करके दिखाया है. किसानों के कल्याण के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं. किसानों को गेहूं की उपज पर 175 रुपए का बोनस उपलब्ध कराकर उन्हें गेहूं का 2600 रुपए प्रति क्विंटल का मूल्य दिलाया गया है. अब भावांतर योजना लागू करते हुए प्रदेश के सोयाबीन उत्पादक हर किसान को प्रति क्विंटल 5328 रूपये समर्थन मूल्य दिलवाने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है. राज्य सरकार ने मूंग और धान उत्पादक किसानों को भी उपज का उचित मूल्य दिलाया है.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को हरदा जिले के खिरकिया में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत राज्यस्तरीय कार्यक्रम में 20 हजार 652 अशासकीय विद्यालयों को 489 करोड़ रुपये सिंगल क्लिक से अंतरित कर संबोधित कर रहे थे.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर 72 किलोमीटर लम्बी आशापुर-हरदा सड़क निर्माण की घोषणा भी की. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हरदा में हुई भीषण विस्फोट दुर्घटना का स्मरण करते हुए कहा कि शासन-प्रशासन ने उस कठिन परिस्थिति में तत्परता दिखाते हुए पीड़ित व्यक्तियों को हर संभव राहत और बचाव उपलब्ध कराने के प्रबंध किए गए थे. अब राज्य सरकार ने बीमार और घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने के लिए पीएमश्री एयर एंबुलेंस की व्यवस्था आरंभ की है. कठिन परिस्थितियों में पीड़ित और जरूरतमंद व्यक्तियों को त्वरित रूप मदद उपलब्ध कराने के प्रति राज्य सरकार संवेदनशील है.



### दो स्कूलों को फीस प्रतिपूर्ति की राशि के सांकेतिक चेक भेंट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत प्रदेश के नि:शुल्क प्रवेशित 8 लाख 45 हजार विद्यार्थियों की फीस प्रतिपूर्ति के लिये प्रदेश के 20 हजार से अधिक अशासकीय विद्यालयों को 489 करोड़ रूपये अंतरित किये. उन्होंने इस दौरान शांति निकेतन हायर सेकण्ड्री स्कूल छीपाबड को 62 नि:शुल्क प्रवेशित विद्यार्थियों के लिये 4 लाख एक हजार 593 रूपये और सरस्वती शिशु विद्या मंदिर खिरकिया को 59 नि:शुल्क प्रवेशित विद्यार्थियों के लिये 3 लाख 61 हजार 979 रूपये के सांकेतिक चेक वितरित किये. कार्यक्रम को केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके, स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने भी संबोधित किया.

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जिला मुख्यालयों में होंगे विशेष कार्यक्रम

- वृद्धजन की पहचान को सशक्त बनाना विषय पर होगा केंद्रित

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 29 सितंबर. सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने कहा कि इस वर्ष एक अक्टूबर, अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस समावेशी भविष्य के लिए वृद्धजन की पहचान को सशक्त बनाना, विषय पर केन्द्रित रहेगा. एक अक्टूबर को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालायों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.**

इसका मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों की समाज में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना और उन्हें समावेशी भविष्य के निर्माण में सशक्त पहचान दिलाना है. मंत्री कुशवाहा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के आयोजन से प्रदेश में वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता की भावना को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही समाज में उनके अनुभव और मार्गदर्शन की उपयोगिता को भी पुन: रेखांकित किया जाएगा. यह आयोजन प्रदेश की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसमें बुजुर्गों को समाज की धरोहर मानते हुए उन्हें सम्मान और सहयोग प्रदान करना सर्वोच्च प्राथमिकता है. प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण सोनाली वायगणकर ने बताया कि कार्यक्रम की थीम समावेशी भविष्य के लिए वृद्धजन की पहचान को सशक्त बनाना निर्धारित की गई है.



**बैतूल.** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने सोमवार को बैतूल जिले के वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरदार विष्णु सिंह उइके शासकीय महाविद्यालय सारणी (बागडोना) में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरदार विष्णु सिंह उइके की प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें नमन किया. प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि विष्णु सिंह उइके ने स्वतंत्रता आंदोलन में जंगल सत्याग्रह की अगुवाई करते हुए घोड़ाडोंगरी व शाहपुर के जनजातीय ग्रामों में स्वतंत्रता के लिया जन-जागरण किया एवं अंग्रेजी हुकूमत की जड़ें हिला दी थी.

# चुनावी बिसात : प्रदेश में वर्ष 2028 तक सड़कों से खुलेगी सत्ता की राह

## 80 हजार करोड़ से अधिक की सड़क परियोजनाएं लेंगी आकार

**कन्हैया लोधी**

**भोपाल, 29 सितंबर. प्रदेश की राजनीति में सड़कों का कितना महत्व है, इसे वर्ष 2003 के विधानसभा चुनाव के परिणाम से समझा जा सकता है, जब प्रदेश की बदहाल सड़कें सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा बन गई थी और तत्कालीन कांग्रेस सरकार को बदहाल सड़कों ने सत्ता से बेपटरी कर दिया था. लिहाजा सड़कों के मामले में अब कोई भी सरकार लापरवाही नहीं बरत सकती.**

ये इस बात से ही समझा जा सकता है कि प्रदेश में अगले विधानसभा चुनाव तक 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक की सड़क परियोजनाएं आकार लेंगी. वर्ष 2028 के विधानसभा चुनाव में सत्ता की राह सड़कों से ही खुलेंगी. यदि ये कागजी योजनाएं धरातल पर नहीं उतरी तो फिर इसका असर चुनाव परिणामों पर भी दिख सकता है.

राज्य सरकार ने केंद्र सरकार की मदद से 80 हजार 477 करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं को आकार देने का लक्ष्य रखा है. ये सड़क परियोजनाएं अगले विधानसभा और लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर तैयार की गई है. इनमें से ज्यादातर सड़क परियोजनाओं को पूरा करने के लिये तीन वर्ष की डेडलाइन तैयार की जा रही है. इनमें कुछ सड़क परियोजनाओ की डीपीआर तैयार हो गई है तो कुछ अभी डीपीआर की तैयारी में है. उसके बाद इन परियोजनाओं के लिये केंद्र से राशि का विधिवत आवंटन होगा.

### ये परियोजनाएं लेंगी आकार

| परियोजना - | लागत राशि करोड़ में | | |
|---|---|---|---|
| बैतूल-परतवाड़ा 2 लेन - | 500 | संदलपुर-नसरूल्लागंज-बुधनी-शाहगंज- | 3500 |
| बालाघाट- मंडला सड़क - | 700 | इंदौर 6 लेन पूर्वी बायपास - | 3500 |
| सतना- चित्रकूट 4 लेन- | 1500 | भोपाल-जबलपुर ग्रीन फील्ड हाईवे - | 15000 |
| ग्वालियर-भिंड 4 लेन- | 2000 | लखनादौन-रायपुर 4 लेन कॉरिडोर - | 10000 |
| बमीठा-पन्ना - सतना - | 600 | इंदौर- भोपाल ग्रीन फील्ड कॉरिडोर - | 12000 |
| रीवा - सीधी - | 500 | जबलपुर फ्लाईओवर हवाबाग-शाहनाला - | 309 |
| उज्जैन - कालभैरव मंदिर ब्रिज - | 12 | उज्जैन टू लेन फ्लाईओवर - | 100 |
| जबलपुर- बांधवगढ़ 4 लेन - | 5500 | उज्जैन फोरलेन फ्लाईओवर चिमनीमंडी-इंदौर गेट - | 510 |
| खरगौन-देशगांव-जुलवानिया 4 लेन - | 2300 | खंडवा - बैतूल 4 लेन - | 4000 |
| सिवनी-छिंदवाड़ा-सावनेर 4 लेन - | 2500 | बदनावर - टिमरनी मार्ग- | 2000 |
| जबलपुर-मंडला - छत्तीसगढ़ सीमा 6 लेन - | 2500 | उज्जैन-झालावाड़ मार्ग - | 2000 |
| इंदौर 6 लेन बायपास - | 3000 | अशोकनगर-विदिशा सड़क - | 96 |
| ग्वालियर पश्चिमी बायपास - | 1300 | रीवा फ्लाईओवर कॉलेज चौराहा-विष्णु होटल- | 150 |
| इंदौर - हरदा 4 लेन - | 3400 | कुल - 80477 करोड़ | |

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने टीआई पर लगाया आरोप

- भ्रष्टाचार के आरोप में थाने की प्रभारी हटाने की मांग
- मध्यप्रदेश शासन को लिखा पत्र

**अशोक नगर, 29 सितम्बर. जिला पंचायत अध्यक्ष राव अजय प्रताप सिंह यादव ने मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन को पत्र भेजकर ईसागढ़ थाना प्रभारी मीना रघुवंशी को तत्काल हटाने की मांग की है. पत्र में आरोप लगाया गया है कि थाना प्रभारी क्षेत्र में लोगों से अवैध वसूली कर रही हैं और चुनावी प्रभाव का गलत इस्तेमाल कर रही हैं.**



पत्र में बताया गया है कि मीना रघुवंशी स्थानीय जनप्रतिनिधियों के संरक्षण में क्षेत्र के लोगों पर झूठे मामले बनाकर पैसा वसूलती हैं.

वहीं क्षेत्र में शराब, जुआ, सट्टा, गांजा और अन्य अवैध कारोबार को अनदेखा किया जा रहा है. यह कार्य पिछले लंबे समय से जारी है और इससे स्थानीय लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल है.

### जन आक्रोश का खतरा

राव अजय प्रताप सिंह ने चेताया है कि यदि थाना प्रभारी को तत्काल हटाया नहीं गया तो क्षेत्रवासियों में भारी रोष व्याप्त होने के कारण जन आंदोलन की संभावना है. पत्र में कहा गया है कि पुलिस विभाग की छवि को नुकसान पहुंच रहा है और क्षेत्र में भय एवं डर का माहौल बना हुआ है. पत्र की प्रतिलिपि पुलिस महानिदेशक, आई.जी., कलेक्टर और जिला पुलिस अधीक्षक को भी भेजी गई है. इसमें कहा गया है कि तुरंत कार्रवाई की जाए ताकि क्षेत्रवासियों का विश्वास बहाल हो और कानून व्यवस्था सुचारु रहे.

# चौरई में 5 करोड़ की क्रिप्टो ठगी

**छिंदवाड़ा, 29 सितम्बर. जिले के चौरई में क्रिप्टो करेंसी और चैन सिस्टम के नाम पर करोड़ों की ठगी का बड़ा मामला सामने आया है. जयपुर निवासी कंपनी संचालक ने लोगों को रकम चार गुना करने का झांसा दिया था. पीड़ितों का कहना है कि उन्होंने जमीनें बेचकर और सालों की जमा पूंजी कंपनी में निवेश की, शुरुआत में रिटर्न भी मिला, लेकिन बाद में कंपनी का एप बंद हो गया और संचालक दुबई भाग गया.**

आवेदकों में अवनीत गंगवाल, प्रदीप शर्मा, नीरज शर्मा समेत कई लोग शामिल हैं जिन्होंने एसपी अजय पांडे और सांसद विवेक बंटी साहू को लिखित शिकायत दी है. उन्होंने बताया कि जयपुर की डीजी मुद्रा कनेक्ट और एमवीसी ग्रुप ने नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से करोड़ों रुपए ठग लिए. कंपनी ने हर सप्ताह खाते में रकम भेजकर विश्वास जीतने की कोशिश की.

> बताया जाता है कि कंपनी ने नर्मदापुरम जिले में भी इसी तरह का फर्जीवाड़ा किया है. भोपाल एसटीएफ ने अपराध क्र. 3/2024 दर्ज कर जांच शुरू की है. अब पीड़ित छिंदवाड़ा जिले में भी प्रकरण दर्ज करने की मांग कर रहे हैं. सिर्फ चौरई क्षेत्र से ही 5 करोड़ से अधिक की राशि निवेश की गई थी. दुबई ट्रिप और हर सप्ताह रिटर्न जैसे झांसे दिखाकर कंपनी ने लोगों की मेहनत की कमाई हड़प ली.

# मानव अधिकार आयोग में नियुक्ति पर बवाल

**भोपाल, 29 सितम्बर. मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग में अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्तियों को लेकर सियासत गरमा गई है. आज शाम मुख्यमंत्री निवास पर होने वाली अहम बैठक से पहले नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर गंभीर आपत्तियां जताई हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों की अनदेखी कर मनपसंद लोगों को पद देने की तैयारी कर रही है.**



**निष्पक्ष और योग्यता आधारित हों नियुक्तियां**

**संवैधानिक प्रावधानों की अनदेखी**

नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा कि आयोग जैसी संवैधानिक संस्था में निष्पक्ष और योग्यता आधारित नियुक्तियां होनी चाहिए. लेकिन सरकार अपने पसंदीदा लोगों को जिम्मेदार पदों पर बैठाना चाहती है. उन्होंने सवाल उठाया कि क्या इन पदों के लिए सार्वजनिक रूप से आवेदन आमंत्रित किए गए थे या केवल नामांकन के आधार पर चयन हो रहा है?

सिंघार ने आरोप लगाया कि मानव अधिकार आयोग अधिनियम के अनुसार, पद रिक्त होने के तीन माह के भीतर नियुक्ति होना चाहिए, लेकिन वर्षों से देरी की जा रही है. उन्होंने कहा कि चयन प्रक्रिया कितनी पारदर्शी है, यह स्पष्ट नहीं है और नामित व्यक्तियों की योग्यता पर भी सवाल उठ रहे हैं.

> सिंघार ने यह भी आपत्ति जताई कि न्यायिक सदस्य के पद का नाम बदलकर प्रशासकीय सदस्य कर दिया गया ताकि किसी खास व्यक्ति को पद दिया जा सके. इसे उन्होंने संविधान और कानून के विरुद्ध बताया.

# दिग्विजय-विजयवर्गीय आमने-सामने

- दिग्विजय पर विजयवर्गीय का वार, बोले- आग में घी डालते हैं
- शीतला माता बाजार विवाद पर सियासत गरमाई

**इंदौर, 29 सितम्बर. भाजपा के वरिष्ठ नेता और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि दिग्विजय केवल आग में घी डालने का काम करते हैं.साथ ही चेतावनी दी कि किसी बड़े समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुँचाना सही नहीं है.**

**मामला क्या है:** पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह इंदौर दौरे पर थे.



इस दौरान उन्होंने लव जिहाद और शीतला माता बाजार से मुस्लिम कर्मचारियों को हटाने के मुद्दे पर बयान दिए. व्यापारी संघ की मांग पर हटाए गए कर्मचारियों से मिलने वे बाजार जा रहे थे. पुलिस ने दिग्विजय सिंह को बाजार जाने से रोक दिया, जिसके बाद वे सराफा थाने से लौट गए. इस घटनाक्रम ने कांग्रेस और भाजपा के बीच सियासी बयानबाजी को और तेज कर दिया है.

# प्रदेश में आज मध्यम बारिश और गरज-चमक का अलर्ट

## अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में सक्रिय सिस्टम

**भोपाल, 29 सितम्बर. मध्यप्रदेश में 30 सितम्बर को मौसम अस्थिर रहने की संभावना है. दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी रेखा 20ए उत्तर/69ए पूर्व से 30ए उत्तर/81ए पूर्व तक गुजर रही है. अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में सक्रिय सिस्टम के कारण प्रदेश के अधिकांश जिलों में हल्की से मध्यम बारिश और कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं. मौसम विज्ञानियों ने नागरिकों को वर्षा,अस्थिर मौसम और तेज़ हवा के लिए सतर्क रहने की सलाह दी है.**



मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि भोपाल, इंदौर, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, रीवा, सतना, जबलपुर, डिंडोरी, शहडोल, उमरिया और कटनी जिलों में हल्की से मध्यम बारिश और गरज-चमक की संभावना है. बुरहानपुर, अलीराजपुर, झाबुआ, धार और रतलाम जिले भी आंशिक रूप से प्रभावित हो सकते हैं.

> खंभात की खाड़ी और आसपास के क्षेत्रों में एक सुस्पष्ट निम्न दाब क्षेत्र सक्रिय है. इससे जुड़ा चक्रवातीय परिसंचरण माध्य समुद्र तल से 7.6 किमी ऊँचाई तक फैला हुआ है और ऊँचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुक रहा है. इस निम्न दाब क्षेत्र से जुड़ा ट्रफ दक्षिण गुजरात, विदर्भ, दक्षिण छत्तीसगढ़, दक्षिण ओडिशा, उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश होते हुए पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी तक फैला हुआ है.




# आईआईटी विस्तार की सौगात

## प्रधानमंत्री ने किया वर्चुअली शिलान्यास

**इंदौर, 29 सितम्बर. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंदौर समेत देश के 8 आईआईटी संस्थानों की विस्तार परियोजनाओं का वर्चुअली शिलान्यास किया. इस पहल के तहत आईआईटी इंदौर को 624.57 करोड़ रुपये की क्षमता विस्तार और आधारभूत संरचना विकास परियोजना की सौगात मिली है. इसका उद्देश्य संस्थान को विश्वस्तरीय शिक्षा और शोध केंद्र के रूप में विकसित करना है.**

### मुख्यमंत्री का आभार

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह कदम प्रदेश में तकनीकी शिक्षा के नए युग की शुरुआत करेगा. उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इससे युवाओं को अध्ययन, शोध और नवाचार के लिए व्यापक अवसर मिलेंगे.

### परियोजना का खाका

उच्चतर शिक्षा प्रोत्साहन एवं फंडिंग एजेंसी के तीसरे चरण में स्वीकृत इस परियोजना में अत्याधुनिक शैक्षणिक भवन (374.38 करोड़), आवासीय परिसर और अन्य सुविधाएं (123.15 करोड़) तथा उन्नत उपकरण (27.04 करोड़) शामिल हैं. साथ ही औद्योगिक अनुसंधान पार्क, डिजाइन विभाग, छात्र गतिविधि केंद्र और आगंतुक छात्रावास का भी निर्माण होगा. इसके अलावा केंद्र सरकार ने आईआईटी इंदौर की लैब को और अधिक सशक्त बनाने के लिए 100 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि भी स्वीकृत की है. निदेशक प्रो. सुहास जोशी ने कहा कि यह निवेश शिक्षा और अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूती देगा.

**कार्यक्रम** नारी, सशक्त परिवार से सशक्त समाज - प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर मंत्र

# स्वास्थ्य, विकास और स्वदेशी संकल्प को आगे बढ़ाया : शिवराज

**बुधनी, 29 सितम्बर. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को बुधनी विधानसभा क्षेत्र में 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' कार्यक्रम में भाग लिया. उन्होंने महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराया और पोषण टोकरी वितरित की. शिविर में 30 डॉक्टर तैनात थे.**

सांसद खेल महोत्सव के तहत बच्चों और महिलाओं के लिए कबड्डी, रस्साकशी, नीबू दौड़, कुर्सी दौड़, क्रिकेट जैसे खेल आयोजित किए जाएंगे. विजेताओं को प्रमाणपत्र और पुरस्कार भी दिए जाएंगे.




शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि स्वदेशी उत्पाद रोजगार और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं. भारत की बढ़ती आबादी और विशाल बाजार देश की ताकत हैं. उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आत्मनिर्भर बन रहा है. मोबाइल और सेमीकंडक्टर अब भारत में ही निर्मित हो रहे हैं. युवाओं की प्रतिभा देश में हर प्रकार का उत्पादन संभव बना रही है. शिवराज सिंह चौहान ने बुधनी में 110 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और शिलान्यास किया. 750 बिस्तरों का मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन है, जबकि 50 बिस्तरों का सिविल अस्पताल तैयार है. उन्होंने बताया कि नेशनल हाईवे और रेल कनेक्टिविटी से स्थानीय नागरिकों को फायदा मिल रहा है. 23 करोड़ 6 लाख रुपए का स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, 10 करोड़ 99 लाख रुपए का कन्वेंशन सेंटर और 35 करोड़ 61 लाख रुपए का रेंटल हाउसिंग प्रोजेक्ट निर्माणाधीन हैं.

### जीएसटी दरों में कमी, लाभ सीधे जनता तक

मंत्री ने जीएसटी सुधारों पर कहा कि खाने-पीने का सामान, कपड़े, बर्तन और कृषि उपकरण अब सस्ते हुए हैं. 35 हॉर्सपावर ट्रैक्टर पर जीएसटी घटकर 5त्न हो गया है, जिससे किसानों को 41 हजार रुपये तक का लाभ मिलेगा. छोटे और बड़े किसान अब आधुनिक उपकरण आसानी से खरीद सकेंगे. उन्होंने जोर दिया कि घटाई गई जीएसटी का पूरा लाभ सीधे जनता तक पहुँचना चाहिए.

# दो मोटर साइकिल आपस में भिड़ी दो की मौत, 3 घायल

**सतना/मैहर.** मध्यप्रदेश के मैहर जिले के रामनगर थाना क्षेत्र के पटना गांव में रविवार दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. पुलिस सूत्रों के अनुसार, विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिलें पटना गांव के निकट आपस में टकरा गईं. इस हादसे में संजय अग्रहरी (25) और रवि साकेत (22) की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं दोनों बाइकों पर सवार अन्य तीन लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14